दिनांक 27.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु राज्य शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था शासन के द्वारा उक्त प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए नगर पालिक निगम, भिलाई को विभिन्न वार्डों में नये 58 आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु राशि 374.10 लाख (तीन करोड चौहत्तर लाख दस हजार रूपए) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने बताया कि समय–समय पर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर मेरे द्वारा निगम क्षेत्र का निरंतर भ्रमण एवं निरीक्षण किया जाता है इस दौरान वार्ड के नागारिकों के द्वारा वार्ड में आंगनबाड़ी हेतु नये भवन निर्माण हेतु मांग रखे जाते हैं तथा कार्यालय के माध्यम से भी आवेदन प्राप्त होते है। नागरिको की मांग को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान समस्त जोन के जोन आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वह अपने–अपने प्रभार क्षेत्र वाले जोन के अंतर्गत वार्डों का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी भवन निर्माण किये जाने के संबंध में स्थल चयन कर नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें। माननीय कलेक्टर महोदय के द्वारा भी यह निर्देशित किया गया था कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्डो में आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता हो उस स्थल का निरीक्षण कराकर प्रस्ताव तैयार करें। जोन आयुक्तों के द्वारा वार्डवार स्थल चयन कर तैयार किये गये प्रस्ताव शासन के निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप पाये गये ऐसे प्रस्ताव तैयार कर वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किया गया था राज्य शासन के द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न वार्डों में 58 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अब निगम क्षेत्र में जल्द से जल्द नया आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जावेगा।

नगर पालिक निगम, भिलाई के जिन वार्डों में तथा स्थान पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण किया जाना है उनके नाम इस प्रकार हैः– वार्ड 03 कोसानगर सतनामी पारा नेहरु नगर पूर्व, नेहरु नगर पूर्व रैश्ने आवास, वार्ड 04 कृष्णा नगर पीली मिट्टी चौक डॉ. शंकर निवास, वार्ड 05 लक्ष्मी नगर मटन मार्केट के पास, राजीव नगर, गौतम नगर, दुर्गा पारा प्रियदर्शनी स्कुल के पास, रविदास नगर, भीम नगर, वार्ड 06 इंदिरा नगर पुराना स्टेट बैंक वाले रोड में, चिंगरी पारा पुराना शौचालय के पास, शंकर पारा भगत सिंह चौक, वार्ड 07 फरीद नगर, वार्ड 08 कोहका हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 11 गांधी कालोनी स्थित सार्वजनिक शौचालय के बाजू में, शासकीय स्कुल में जर्जर भवन को तोड़कर

बनाया जा सकता है, वार्ड 14 शीतला मंदिर के सामने, प्रगति स्पोर्ट क्लब के पास, वार्ड 20 मयुर गार्डन में, हैदराबाद कालोनी सुलभ शौचालय के पीछे, बसंत नगर शौचालय के पीछे, 18 नम्बर रोड सुलभ शौचालय के पीछे, वार्ड 21 जेपी नगर महिला सुलभ के बाजू में स्थित स्थान पर, वार्ड 22 चटाई क्वाटर, वार्ड 23 साड़ी लाईन गणेश चौक के पास, महावीर भवन के पास, वार्ड 29 राजीव नगर, बापूनगर 01, 02, वार्ड 30 बालाजी नगर 01, 02, वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार, वार्ड 32 राधाकृष्ण मंदिर 01, 02, वार्ड 33 जोन 03 खुर्सीपार 01, 02, वार्ड 34 सुभाष नगर 01, 02, वार्ड 35 शास्त्री चौक, शास्त्री चौक जोन 02, वार्ड 36 पंचशील नगर, गौतम नगर 01, 02, वार्ड 37 सुभाष नगर सामुदायिक भवन, उत्तम टॉकिज के पास प्रोजेक्ट आटो मोबाईल के बाजू, चन्दशेखर आजाद नगर–01, वार्ड 38 राजेन्द्र प्रसाद नगर, वार्ड 39 डाक बंगला पुरैना, प्राथमिक शाला पुरैना, पुरैना–स, वार्ड 43 स्टेशन मरोदा न्यू मार्केट, वार्ड 44 टंकी मरोदा महुवारी भाठा, वार्ड 55 सेक्टर–06 पूर्व, वार्ड 57 सेक्टर–07 पूर्व, वार्ड 60 रिसाली बस्ती मील पारा, वार्ड 63 सत्यम चौक रुआंबांधा, रुआबांधा बस्ती, आजाद चौक, दुर्गा चौक रुआबांधा में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य किया जाना है।

जनसम्पर्क अधिकारी